SAEHI204

II Semester B.B.A./B.H.M./ Degree Examination, June / July - 2025

HINDI LANGUAGE

Kavya Patra Lekhan Aur Sankshepan

(SEP Scheme)

NEW HORIZON COLLEGE LIBRARY KASTURINAGAR BANGALORE

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 80

**I. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश में लिखिए।** (10×1=10)

1) वृंदावन में विचरण करनेवाले नव किशोर कौन है?
2) छोटे नर से कौन सा काम नहीं होता?
3) कवि के अनुसार किसकी उदारता का बखान करना आसान नहीं है?
4) कवि बच्चन के अनुसार नभ में आँधी आने पर क्या हुआ?
5) पीपल के पत्ते की तरह क्या हिलता हैं?
6) अंधा आदमी किसके साथ है?
7) कवि के अनुसार प्रियतमा के पास आने से रास्ते का क्या हुआ?
8) कौन वधु बन जाती है?
9) मातृभूमी के चरण तले कौन झुकता है?
10) मॅडेला कविता के हिंदी अनुवादक कौन हैं?

**II. किन्ही दो का सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** (2×7=14)

1) रहिमन निज मन की विथा,मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँहि न लैहे कोय।।

2) नाश के दु:ख से कभी
दबा नहीं निर्माण का सुख
प्रलय की निस्तब्धता से
सृष्टि का नवगान फिर-फिर
नेह का आह्वान फिर-फिर

3) सफेद रातों में काला चमकता हुआ व्यक्ति बना
दिन में रेंगता हुआ लाल कंधों वाला बना
सफेद कुडे की गाडी बाहर खींचता हुआ चल
फिसलन भरे जेल में अकेला उजागर बना।

[P.T.O.

**III. किन्ही दो का उत्तर लिखिए। (2×15=30)**

1) वीरो का कैसा हो बसंत कविता का सारांश लिखिए।

2) तुम्हारे साथ रहकर कविता का सारांश लिखकर इसके व्दारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं समझाइए।

3) लडकी और अंधा आदमी कविता का सारांश लिखकर इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए। (1×6=6)**

1) मातृभूमि

2) समानांतर लकीरें

**V. निम्नलिखित में से किसी एक पर पत्र लिखिए। (1×10=10)**

1) सर्वश्री मिनर्वा मिल्स लि.बैंगलोर को रुपए के कपडे का 40,000 आदेश पत्र भेजिए।

2) आप अपनी बीमा पॉलिसी की किश्ते समय पर भेजनें में असमर्थ होने के कारण जारी नहीं रखना चाहते। इसके बदले में भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से बीमा पॉलिसी जारी रखने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

**VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए। (1×10=10)**

आधुनिक जीवन में समाज और राष्ट्र के स्तर पर समाचार पत्रों का बहुत ही विशिष्ट आर ऊंचा स्थान है। समाचार-पत्र मानो अपने देश की सभ्यता, संस्कृति और शक्ति के मानदण्ड बन गए है। जिस देश में जितने अच्छे और जितने अधिक समाचार-पत्र होते है वह देश उतना ही उन्नत और प्रभावशाली समझा जाता है, बहुत-से क्षेत्रों में जो काम समाचार-पत्र कर जाते हैं वे बडी सेनाएँ और बडे-बडे राजनीतिक नहीं कर पातें। समाचार-पत्र एक ओर तो जनता का मत सरकार तक पहुँचाते हैं और दूसरी ओर सुदृढ एवं संतुष्ट लोकमत तैयार करते हैं। देश को सभी प्रकार से सजग रखनें में समाचार-पत्रों की अहम भूमिका है और इसके मुकाबले कोई अन्य माध्यम इतना सशक्त नहीं कहा जा सकता।